भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1575**

(जिसका उत्तर सोमवार, 09 फरवरी, 2026/ 20 माघ, 1947(शक) को दिया जाना है)

**राज्यों का जीएसटी अंशदान और प्रदत्त मुआवजा**

**1575. डॉ. एम. के. विष्णु प्रसाद :**
**श्री कल्याण बनर्जीः**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान राज्यों द्वारा कुल कितनी जीएसटी राशि का अंशदान किया गया और राज्यों को जीएसटी के हिस्से की कुल कितनी राशि राज्य-वार और वर्ष-वार जारी की गई है;

(ख) क्या राज्यों को जीएसटी का हिस्सा जारी करने में कोई विलंब हुआ है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) राज्यों को जारी किए जाने वाले लंबित जीएसटी का ब्यौरा क्या है;

(घ) 31 दिसंबर, 2025 तक प्रत्येक राज्य को कुल कितना जीएसटी मुआवज़ा बकाया है;

(ङ) विगत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान सरकार द्वारा राज्य-वार कितना मुआवज़ा जारी किया गया है;

(च) क्या मुआवज़े के भुगतान में विलंब से राज्यों का विकास व्यय प्रभावित हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) क्या सरकार के पास बकाया राशि के समय पर निपटान के लिए कोई तंत्र मौजूद है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**वित्त राज्य मंत्री**
**(श्री पंकज चौधरी)**

(क): पिछले 5 वर्षों अर्थात वित्त वर्ष 2021-22 से 2025-26 (जनवरी, 2026 तक) के दौरान राज्यों में राज्य-वार सकल जीएसटी संग्रहण (सीजीएसटी+एसजीएसटी+आईजीएसटी) अनुलग्नक क में दिया गया है।

(ख) और (ग): राज्यों को जारी किए जाने के लिए कोई भी जीएसटी बकाया नहीं है।

(घ), (ङ) और (च): भारत सरकार ने माल एवं सेवा कर के कार्यान्वयन के कारण पाँच वर्षों के लिए अर्थात, 1 जुलाई, 2017 से 30 जून, 2022 तक राजस्व में हुए नुकसान के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अस्थायी रूप से स्वीकार्य जीएसटी क्षतिपूर्ति की पूरी राशि पहले ही जारी कर दी है । वित्त वर्ष 2022-23 के लिए एजी प्रमाणपत्र प्राप्त न होने के कारण अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर को छोड़कर वित्त वर्ष 2017-18 से वित्त वर्ष 2022-23 तक सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को लेखा परीक्षित आंकड़ों के साथ अनंतिम आंकड़ों के समायोजन से प्राप्त अंतिम क्षतिपूर्ति भी जारी कर दी गई है।

पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान जारी की गई जीएसटी क्षतिपूर्ति का विवरण अनुलग्नक ख में दिया गया है।

(छ): उपर्युक्त (ख) और (ग) के मद्देनज़र प्रश्न नहीं उठता है।

**अनुलग्नक क**

**पिछले 5 वर्षों के दौरान राज्य-वार सकल जीएसटी संग्रह (सीजीएसटी + एसजीएसटी + आईजीएसटी)**

( करोड़ रुपये में)

| राज्य कोड | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | 2025-26 (जनवरी 2026 तक) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जम्मू और कश्मीर | 4,638 | 5,178 | 6,619 | 7,059 | 5,954 |
| 2 | हिमाचल प्रदेश | 8,006 | 8,758 | 9,935 | 10,323 | 8,081 |
| 3 | पंजाब | 18,184 | 20,610 | 23,683 | 26,267 | 22,934 |
| 4 | चंडीगढ़ | 1,963 | 2,343 | 2,751 | 2,869 | 2,581 |
| 5 | उत्तराखंड | 13,593 | 16,722 | 19,100 | 20,542 | 16,409 |
| 6 | हरयाणा | 63,165 | 80,637 | 95,873 | 1,11,485 | 99,045 |
| 7 | दिल्ली | 45,230 | 54,820 | 65,134 | 75,650 | 67,968 |
| 8 | राजस्थान | 36,607 | 43,958 | 48,322 | 52,752 | 44,575 |
| 9 | उत्तर प्रदेश | 61,216 | 73,734 | 86,137 | 95,635 | 82,653 |
| 10 | बिहार | 11,594 | 14,543 | 15,978 | 18,129 | 15,900 |
| 11 | सिक्किम | 2,810 | 3,155 | 3,706 | 4,062 | 3,259 |
| 12 | अरुणाचल प्रदेश | 708 | 1,021 | 1,306 | 1,198 | 1,243 |
| 13 | नागालैंड | 406 | 522 | 665 | 658 | 689 |
| 14 | मणिपुर | 550 | 612 | 667 | 698 | 602 |
| 15 | मिजोरम | 316 | 418 | 499 | 511 | 351 |
| 16 | त्रिपुरा | 775 | 880 | 1,051 | 1,190 | 1,000 |
| 17 | मेघालय | 1,755 | 2,056 | 2,235 | 2,178 | 1,934 |
| 18 | असम | 11,604 | 13,082 | 14,569 | 15,997 | 13,985 |
| 19 | पश्चिम बंगाल | 44,404 | 53,809 | 58,010 | 61,427 | 54,333 |
| 20 | झारखंड | 22,423 | 26,247 | 27,799 | 29,023 | 24,391 |
| 21 | ओडिशा | 36,495 | 40,568 | 45,380 | 50,743 | 42,024 |
| 22 | छत्तीसगढ | 22,710 | 24,928 | 27,166 | 29,618 | 24,432 |
| 23 | मध्य प्रदेश | 24,974 | 29,226 | 34,619 | 37,131 | 32,231 |
| 24 | गुजरात | 90,892 | 1,07,555 | 1,17,144 | 1,28,336 | 1,11,535 |
| 25 | दमन और दीव | 5 | 3 | 3 | 2 | 0 |
| 26 | दादरा और नगर हवेली | 3,137 | 3,760 | 4,325 | 4,404 | 3,862 |
| 27 | महाराष्ट्र | 2,03,901 | 2,50,439 | 2,96,888 | 3,33,913 | 2,99,555 |
| 29 | कर्नाटक | 86,457 | 1,09,479 | 1,28,414 | 1,41,770 | 1,30,671 |
| 30 | गोवा | 4,343 | 5,482 | 6,433 | 7,100 | 5,779 |
| 31 | लक्षद्वीप | 18 | 21 | 45 | 21 | 21 |
| 32 | केरल | 22,183 | 27,296 | 30,620 | 33,023 | 29,654 |
| 33 | तमिलनाडु | 78,417 | 96,326 | 1,12,582 | 1,21,846 | 1,08,271 |
| 34 | पुदुचेरी | 1,818 | 2,365 | 2,628 | 2,852 | 2,255 |
| 35 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 332 | 372 | 426 | 481 | 453 |
| 36 | तेलंगाना | 38,771 | 45,350 | 53,393 | 56,638 | 49,751 |
| 37 | आंध्र प्रदेश | 30,350 | 36,439 | 40,900 | 41,981 | 35,061 |
| 38 | लद्दाख | 206 | 332 | 480 | 543 | 475 |
| 97 | अन्य क्षेत्र | 1,590 | 2,609 | 2,615 | 2,473 | 2,251 |
| 99 | केंद्र का अधिकार क्षेत्र | 2,121 | 1,941 | 2,507 | 3,275 | 3,624 |
|  | **जीएसटी (घरेलू)** | **9,98,667** | **12,07,596** | **13,90,609** | **15,33,805** | **13,49,795** |
|  | जीएसटी (आयात) | 3,76,956 | 4,71,799 | 4,83,086 | 5,21,753 | 4,93,589 |
|  | **कुल जीएसटी संग्रहण** | **13,75,624** | **16,79,395** | **18,73,695** | **20,55,558** | **18,43,384** |

**अनुलग्नक ख**

## वर्ष के दौरान जारी की गई जीएसटी क्षतिपूर्ति का विवरण (वित्तीय वर्ष के अनुसार)

( करोड़ रुपये में)

| क्रम संख्या . | राज्य/केंद्र शासित प्रदेश का नाम | वित्तीय वर्ष 2022-23 | वित्तीय वर्ष 2023-24 | वित्तीय वर्ष 2024-25 | वित्तीय वर्ष 2025-26 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 4,570 | 0 | 164 | 0 | 4,735 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | असम | 424 | 0 | 0 | 0 | 424 |
| 4 | बिहार | 184 | 398 | 105 | 0 | 687 |
| 5 | छत्तीसगढ | 2,439 | 587 | 128 | 0 | 3,153 |
| 6 | दिल्ली | 12,817 | 1,138 | 363 | 0 | 14,318 |
| 7 | गोवा | 1,531 | 343 | 165 | 0 | 2039 |
| 8 | गुजरात | 7,955 | 10,693 | 0 | 0 | 18,649 |
| 9 | हरयाणा | 2,576 | 3,505 | 1,445 | 0 | 7,526 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 1,293 | 88 | 51 | 0 | 1,432 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | 418 | 0 | 0 | 0 | 418 |
| 12 | झारखंड | 2,065 | 166 | 36 | 0 | 2,267 |
| 13 | कर्नाटक | 20,288 | 1,191 | 2 | 0 | 21,482 |
| 14 | केरल | 7,246 | 738 | 67 | 0 | 8,051 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 4,572 | 2,613 | 1 | 0 | 7,186 |
| 16 | महाराष्ट्र | 24,121 | 8,618 | 2,504 | 0 | 35,243 |
| 17 | मणिपुर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | मेघालय | 0 | 33 | 6 | 0 | 39 |
| 19 | मिजोरम | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | नागालैंड | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 21 | ओडिशा | 1,887 | 0 | 562 | 0 | 2,449 |
| 22 | पुदुचेरी | 723 | 19 | 3 | 0 | 745 |
| 23 | पंजाब | 7,869 | 3,671 | 405 | 0 | 11,944 |
| 24 | राजस्थान | 4,260 | 1,398 | 0 | 0 | 5,658 |
| 25 | सिक्किम | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 26 | तमिलनाडु | 16,215 | 4,574 | 0 | 0 | 20,789 |
| 27 | तेलंगाना | 4,062 | 625 | 0 | 0 | 4,686 |
| 28 | त्रिपुरा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 29 | उत्तर प्रदेश | 11,291 | 4,070 | 1 | 0 | 15,363 |
| 30 | उत्तराखंड | 2,136 | 477 | 56 | 0 | 2,668 |
| 31 | पश्चिम बंगाल | 8,228 | 0 | 924 | 94 | 9,246 |
|  | **कुल** | **14,9168** | **44,946** | **6,988** | **94** | **2,01,195** |

*****